तापमान

अधिकतम 43 .6 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 23 मई 2025



11 महिला सशक्तिकरण समारोह का आयोजन





12 जनकल्याण के लिए पंचधुनी तपस्या




## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 28 को

**सोनीपत।** जिला के आमजन की शिकायतों व समस्याओं का निवारण करने के लिए जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 28 मई को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कांफ्रेंस हाल में आयोजित होगी। इस बैठक की अध्यक्षता युवा अधिकारिता, उद्यमिता राज्यमंत्री एवं अध्यक्ष जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति गौरव गौतम करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 20 परिवाद निपटारे के लिए रखे जाएंगे।

### 1.8 किलो गांजे सहित दो युवक गिरफ्तार



**खरखौदा।** पुलिस ने मटिण्डू से हसनगढ़ मार्ग पर दो युवकों को 1.8 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। युवक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार थे। उनके पास हरे रंग की थैली थी, जिसमें गांजा मिला। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक नशीला पदार्थ बेचने आ रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पकड़े गए दोनों युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर मटिण्डू से हसनगढ़ की ओर जा रहे थे। पुलिस ने दोनों को रोका। थैली पकड़े युवक ने अपना नाम समीर उर्फ मंगत निवासी धौसा हाल निवासी राजा मोहल्ला शामली बताया। मोटरसाइकिल चला रहे युवक ने अपना नाम सावेज उर्फ साहिल निवासी चौक बाजार कैराना, हाल निवासी टावर के पास हसनगढ़ बताया। बरामद गांजे को पुलिस ने जब्त कर लिया। पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई।

### नहर में डूबे दीपक का शव छिनौली से बरामद

**खरखौदा।** नहर में डूबे दीपक का शव बृहस्पतिवार को नहर में छिन्नौली के पास से बरामद हुआ है। जिसका पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया। इससे पहले मृतक के दीपक के पिता रमेश कुमार ने दीपक के दोस्तों पर ही उसे छिपाकर रखने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ केस दर्ज करवाया था। दीपक साथियों के साथ नहर में नहाने के लिए आया था और इस दौरान वह नहर में डूब गया। जिसकी नहर में तलाश की जा रही थी, लेकिन देर रात तक शव नहीं मिला तो रमेश ने अपने बेटे को छिपाकर रखने का आरोप उसके साथियों पर ही लगाया था। जिस पर पुलिस केस दर्ज कर लिया था। वीरवार की सुबह दीपक का शव नहर में मिल गया है।

## 9 जून तक ऑनलाइन आवेदन, 15 जून तक होगा दस्तावेजों का सत्यापन

# मिशन एडमिशन : कॉलेजों में दाखिलों के लिए शेड्यूल जारी

■ 19 जून को पहली कट ऑफ लिस्ट होगी जारी ■ 19 हजार से अधिक विद्यार्थी दाखिले के योग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अगर आपने 12वी पास कर ली है और अब आप कॉलेज जाने की तैयारियों में जुटे हुए हो तो यह समाचार आपके लिये है। उच्चत शिक्षा निदेशालय की ओर से स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिलों के लिये शेड्यूल जारी कर दिया है। जिसके तहत 12वीं पास युवाओं के पास अपने मनपसंद कॉलेज में दाखिला लेने का मौका मिला है। शेड्यूल के तहत 9 जून तक ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थी पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके बाद 19 जून को पहली कट ऑफ लिस्ट जारी की जाएगी, जिसमें स्थान बनाने का मतलब है कि आपका दाखिला फाइनल है। हालांकि दाखिला सुनिश्चित करने के लिये 23 जून तक फीस जमा करवानी होगी। इसके आगे दूसरे और तीसरे चरण की प्रक्रिया के लिये भी शेड्यूल जारी किया गया है।

■ दाखिला सुनिश्चित करने के लिए 23 जून तक फीस जमा करवानी होगी

■ दूसरे और तीसरे चरण की प्रक्रिया के लिए भी शेड्यूल जारी

उच्चतर शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार महाविद्यालयों को 14 से 17 मई तक पोर्टल पर कुल सीटें, पाठ्यक्रम, कालेज बैंक डिटेल, कालेज की विषय के हिसाब से फीस का विवरण अपलोड करना था। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कालेज को दाखिला प्रक्रिया के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति करनी थी। इस प्रिक्रया के पूरा होने के बाद अब दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी किया गया है। जिसके अनुसार दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को 9 जून तक पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना होगा।



### 19 हजार विद्यार्थियों के लिए 13 हजार सीटें

जिले में इस समय 19 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा पास की है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की तरफ से जारी परीक्षा परिणामों में जिले के कुल 18 हजार 744 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें हरियाणा बोर्ड के 10244 और सीबीएसई के करीब 8500 विद्यार्थी पास हुए हैं। जिले में राजकीय, निजी व एडिड कालेजों की संख्या करीब 23 हैं। इनमें विभिन्न पाठ्यक्रमों में करीब 13562 सीटें हैं। इसके अलावा खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में करीब 2375 सीटें हैं। वहीं दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में भी 1126 सीटें हैं।

### पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी

उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार कालेज में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों को आनलाइन प्रवेश पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। किसी भी स्थिति में पोर्टल पर पंजीकरण के बिना प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। हरियाणा के विद्यार्थियों के लिए डिग्री कालेजों में प्रवेश लेने के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा। पारिवारिक आय को पीपीपी से सत्यापित आय से लिया जाएगा।

### कॉलेजों में ये व्यवस्था

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने महाविद्यालयों में दाखिले का शेड्यूल जारी कर दिया है। दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है। विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े, इसके लिए कालेज प्रशासन द्वारा कारगर कदम उठाए जाएंगे।

**डॉ. मंजुला स्पाह**, प्राचार्य, जीवीएम गर्ल्स, कॉलेज

### यह रहेगा शेड्यूल

| | |
|---|---|
| आनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया | 19 मई से 9 जून तक |
| आवेदन पत्र का संपादन (ओटीपी आधारित) | 19 मई से 10 जून तक |
| विसंगतियों के साथ आवेदकों की सूची | 11 जून |
| दस्तावेजों का आनलाइन सत्यापन | 21 मई से 15 जून तक |
| मेरिट सूची के लिए पात्रों की सूची | 16 जून |

**पहले चरण की काउंसलिंग**

| | |
|---|---|
| पहली प्रोविजनल कट आफ जारी | 18 जून |
| पहली फाइनल कट आफ जारी | 19 जून |
| फीस जमा करवाने की तिथि | 20 से 23 जून |

**दूसरे चरण की काउंसलिंग**

| | |
|---|---|
| दूसरी प्रोविजनल कट आफ जारी | 25 जून |
| दूसरी फाइनल कट आफ जारी | 26 जून |
| फीस जमा करवाने की तिथि | 27 से 29 जून |

**तीसरे चरण की काउंसिलिंग**

| | |
|---|---|
| रिक्त सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग | 1 जुलाई |
| पंजीकरण के लिए दाखिला पोर्टल रि-ओपन | 2 जुलाई |
| 100 रुपये विलंब शुल्क सहित फिजिकल काउंसलिंग | 3 से 9 जुलाई |
| 100 रुपये प्रतिदिन विलंब शुल्क सहित फिजिकल काउंसलिंग | 10 से 15 |

## आसमान में छा गया धुंए का गुबार, दमकल विभाग ने काबू पाया

# राई औद्योगिक क्षेत्र में ग्लो प्रिंटिंग सोल्यूशन फैक्ट्री में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित सुप्रीम ग्लो प्रिंटिंग सोल्यूशन फैक्ट्री में बृहस्पतिवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्टरी के आसपास धुएं का गुबार छा गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। विभाग की टीम द्वारा दोपहर बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक फैक्टरी के अंदर रखा सामान जलकर खाक हो गया। फैक्टरी मालिक को लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका है।राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी संख्या 1854 सुप्रीम ग्लो प्रिंटिंग सोल्यूशन में बृहस्पतिवार सुबह अचानक आग लग गई। आग लगी देख मामले की सूचना दमकल विभाग की टीम को दी गई। सुबह करीब आठ बजे सूचना मिलते ही सोनीपत से दमकल विभाग की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। प्रिंटिंग फैक्टरी में कागज होने के चलते आग तेजी से फैलती चली गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने पानीपत, झज्जर के बहादुरगढ़ और रोहतक से दमकल की एक-एक गाड़ियों को बुलाया गया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। दोपहर बाद करीब तीन बजे आग पर काबू पाया गया।



**सोनीपत।** फैक्ट्री में लगी आग।





**सोनीपत।** आग बुझाने का प्रयास करते हुए दमकल कर्मचारी।

### कागज व प्रिंटिंग सामग्री में तेजी से फैली आग

प्रिंटिंग फैक्टरी में बड़ी मात्रा में कागज और प्रिंटिंग सामग्री मौजूद होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। धधकती लपटों और धुएं के कारण दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में मशक्कत करनी पड़ रही है। पुलिस टीम मौके पर मौजूद है और फैक्टरी के आस-पास मौजूद लोगों को दूर भेजा जा रहा है।

### दोपहर बाद आग पर काबू पाया जा सका

सुबह आग लगने की सूचना मिली थी। विभाग की टीम गाड़ियों सहित मौके पर पहुंची। उसके बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग दूसरी दो फैक्टरी में फैलने लगी। सतर्कता के चलते आग को फैलने से रोका गया है। अलग-अलग जिलों से गाड़ियों को बुलाया गया। दोपहर बाद जाकर आग पर काबू पाया गया।

- **दीपक शर्मा**, दमकल अधिकारी सोनीपत।

# भूमि विवाद में पिता- पुत्र पर हमला, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच की शुरू

राई थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते पिता-पुत्र पर हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। गांव नसीरपुर निवासी सतीश ने बताया कि खेत की सिंचाई करने के लिए वह खेत में ट्यूबवेल लगवा रहा है। वह अपने पिता आजाद के साथ ट्यूबवेल का काम देखने के लिए खेत में गया था। उनके खेत के साथ ही साझे की जमीन है।

जिसमें उनके अलावा इंद्रपाल के परिवार का भी हिस्सा है। सतीश का आरोप है कि इंद्रपाल और उसके बेटे सत्यवान और बलराम अपने हिस्से से अधिक जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहते है। सतीश ने बताया कि जब वे खेत पर पहुंचे तो इंद्रपाल और उसके बेटे पहले से वहां मौजूद थे। उन्हें देखते ही इंद्रपाल ने धमकी दी कि इस जमीन में उनका कोई हिस्सा नहीं है और यदि उन्होंने अपना हिस्सा नहीं छोड़ा तो उन्हें जान से मार देंगे। सतीश का कहना है कि उसे उसके पिता और खुद उसने मना किया तो बलराम ने कस्सी से उन पर हमला किया। जिसे उन्होंने अपने हाथों से रोका। इसी दौरान सत्यवान ने डंडे से सतीश के सिर पर वार किया। जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी और वे गिर गए। जब उनके पिता उन्हें बचाने आए, तो बलराम ने उनके साथ भी मारपीट की। इसके बाद इंद्रपाल ने मुंह पर डोगा से वार किया। जिससे उन्हें भी काफी चोटें आईं। शोर मचाने पर आरोपित उनको जान से मारने धमकी देकर भाग गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उनका उपचार किया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सितेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितो को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-27 ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों सहित दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन निवासी बैंयापुर खुर्द, आकाश उर्फ बाबा निवासी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को दो दिन व दूसरे को एक दिन के रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। मुख्य सिपाही बिंटू अपनी टीम के साथ जगदीशपुर मोड़ पर मौजूद था। गुप्त सूचना पर बैंयापुर खुर्द से राठधाना रोड पर संदिग्ध हालत में युवक को घुमते हुए काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्तौल बरामद हुआ। चेक करने पर एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जानकारी मिली कि आरोपित सचिन पर पहले भी अलग-अलग धाराओं में मुकदमें दर्ज है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। वहीं सहायक उप निरीक्षक संदीप की टीम ने प्याऊ कुंडली पुल के पास से युवक को काबू किया। उसके पास तलाशी के दौरान देशी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद मिला।पूछताछ में जानकारी मिली कि आरोपित पर पहले भी चार मुकदमें दर्ज है।

## खरखौदा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू




**खरखौदा।** उपमंडल प्रशासन ने इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ग्राम स्तर पर आयोजित करने की योजना बनाई है। इसी सिलसिले में एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने गुरुवार को अधिकारियों की टीम के साथ संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। एसडीएम डॉ. नागर ने बताया कि 21 जून को होने वाले योग दिवस कार्यक्रम को गांव-गांव में आयोजित कर ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने खांडा गांव स्थित श्रीराम मंदिर के पास के मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गांवों में उपयुक्त स्थानों को चिह्नित किया जा रहा है, ताकि वहां पर सुव्यवस्थित रूप से योग सत्र आयोजित किए जा सकें।निरीक्षण के दौरान तहसीलदार मनोज कुमार समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

# गोहाना में आंधी से 400 खंभे टूटे व 30 ट्रांसफार्मर नीचे गिरे, मदीना के संत कबीर मंदिर पर बिजली गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

बुधवार शाम को क्षेत्र में आई आंधी ने बिजली निगम और वन विभाग को भारी नुकसान हुआ। आंधी में गोहाना में लगभग 400 खंभे टूट गए और 30 ट्रांसफार्मर गिर गए। इससे शहर क्षेत्र में चार और ग्रामीण क्षेत्र में नौ घंटे बिजली बाधित हुई। एग्रीकल्चर फीडरों की लाइनों पर अधिक नुकसान हुआ। क्षेत्र में 950 पेड़ भी टूट गए। इससे कई मार्गों पर यातायात बाधित हुआ। बुधवार शाम लगभग सात बजे भीषण आंधी आई। आंधी ने लगभग आधे घंटे तक नुकसान पहुंचाया। गांव सिवानामाल, बुटाना, गंगाना के अलावा कई गांवों में पेड़ टूटकर बिजली लाइनों पर गिर गए। इससे क्षेत्र में जगह-जगह खंभे टूटे गए और बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हुई। आंधी रुकने के बाद निगम की टीमें फील्ड में उतरी और क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत की। प्रभावित लाइनों के क्षेत्र में दूसरे स्त्रोतों से बिजली सप्लाई चालू की गई। शहर क्षेत्र में चार घंटे और गांवों में नौ घंटे बाद बिजली सप्लाई चालू की गई।



### एग्रीकल्चर फीडरों को ज्यादा नुकसान : बिजली निगम

बिजली निगम के एक्सईएन राज सिंह ने कहा कि एग्रीकल्चर फीडरों पर अधिक नुकसान हुआ है। दूसरी तरफ वन विभाग के अधिकारी राकेश गुलिया ने कहा कि आंधी में क्षेत्र में लगभग 950 पेड़ टूट गए। कुछ जगह सड़कों पर भी पेड़ गिर गए थे, जिनको कुछ समय बाद हटवा दिया गया था।

## मंदिर के शिखर में दरार, मूर्तियां भी विखंडित

**गोहाना।** गांव मदीना में संत शिरोमणि कबीरदास मंदिर पर आसमानी बिजली गिर गई। घटना में मंदिर के शिखर में दरार आ गई और गर्भगृह में कई मूर्तियों में दरार आ गई। मंदिर पर आसमानी बिजली गिरने से कोई बड़ी घटना भी घटित हो सकती थी। कोई बड़ी घटना-घटित न होने के पीछे ग्रामीण भगवान का आशीर्वाद मान रहे हैं।

क्षेत्र में बुधवार की सायं तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। गांव मदीना निवासी विनोद नंबरदार, बलवान, वजीर सिंह, धर्मपाल, संजय, हरिराम, रामफल, सत्यवान और सतीश के अनुसार करीब सायं 7 बजे गांव में संत कबीरदास मंदिर के शिखर पर आसमानी बिजली गिर गई। मंदिर के शिखर पर जब आसमानी बिजली गिरी तब बहुत तेज आवाज हुई और मंदिर के शिखर पर लगी टाइलों के टूकड़े टूटकर काफी दूर-दूर तक जाकर गिरे। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर में संत कबीरदास सहित दीवारों पर हनुमान, माता काली और भगवान विश्वकर्मा सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां लगाई गई हैं। इस घटना में मंदिर के शिखर में दरार आ गई और कई देवी-देवताओं की मूर्तियां विखंडित हो गई।



# दुष्कर्म के दोषी को बीस साल की सजा व 56 हजार रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बड़ी थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर अलग-अलग धाराओं में 56 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं जुर्माना राशि से 45 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है। एक महिला ने तीन अक्टूबर 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करती है। उसकी नाबालिग बेटी नौवीं कक्षा की पढ़ाई कर रही है। एक अक्टूबर को उसकी बेटी बिना किसी से कुछ बताएं घर से चली गई। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। करीब तीन महीने बाद पुलिस कर्मचारी ने लड़की को बरामद करने की सूचना।



वह अपनी बेटी के पास पहुंची। बेटी गुमसुम थी। उसने बताया कि उसकी मौसी के घर पर शमशेर नाम के युवक से उसकी पहचान हो गई। एक दिन वह उसके घर पर आया। उसकी बेटी को अकेली पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद उसे डरा-धमकाकर उसका अपहरण करके ले गए। उसे यूपी में रखा। जहां जरूर उसके साथ गलत काम किया होगा। पुलिस ने लड़की का मेडिकल करवाकर कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं।

मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को जेल भेज दिया था। मामले में सुनवाई करते हुए एएसजे नरेंद्र की अदालत ने 6 पॉक्सो एक्ट में 20 साल कैद की सजा व 50 हजार रुपये जुर्माना, धारा-363 आईपीसी में तीन साल कैद व तीन हजार रुपये जुर्माना, धारा-365 में पांच साल कैद व तीन हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर आठ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं जुर्माना राशि से 45 हजार रुपये की राशि पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना सदर गोहाना की पुलिस टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सूरज पुत्र सुखबीर गांव बुटाना का निवासी है। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश कर उसके आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपित सूरज को गोहाना-महमूदपुर रोड के नजदीक जीन्द-गोहाना हाइवे के पास से गिरफ्तार किया। वह वहां सवारी वाहन के इंतजार में खड़ा था पुलिस ने युवक को काबू कर उसके पास से 32 बोर का एक देसी रिवाल्वर व एक जिन्दा रौंद बरामद किया।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित टोनी पुत्र कपिल गांव खूबडू का निवासी है। एक सितम्बर 2024 को आर्य नगर गोहाना निवासी संदीप पुत्र सुरेश ने थाना शहर गोहाना में बाइक चोरी की शिकायत दी थी। उनके अनुसार 31 अगस्त को वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर रोहतक रोड ड्रेन की पटरी पर पशुओं के लिए घास लेने के लिए गया था। उसने अपनी मोटरसाइमिल को ड्रेन की पटरी पर खड़ा किया था।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने अवैध हथियार की घटना में संलिप्त आरोपित को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित गौरव पुत्र ऋषिपाल लाल दरवाजा सोनीपत का निवासी है। क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक अनीत अपनी पुलिस टीम के साथ गोहाना से सोनीपत रोड पर गांव खेड़ी दमकन रजबाहा पुल पर मौजूद था। जानकारी मिली कि गौरव पुत्र ऋषिपाल के पास अवैध हथियार है जो कुछ देर बाद गांव खेड़ी दमकन की तरफ से पैदल इसी तरफ आएगा। इसके बाद पुलिस ने नाकाबंदी कर गौरव को काबू कर लिया।

### दोपहिया वाहन चोरी के आरोपित को भेजा जेल

सोनीपत। कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सहदेव निवासी मेरठ यूपी, ओमवीर उर्फ डिप्टी निवासी जाजल टोंकी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जाटी कलां निवासी आदि ने पुलिस को बताया था वह बाइक पर कुंडली गया। काम करने के बाद जब वह वापस आया तो बाइक गायब मिली।

### राजस्व भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण ध्वस्त

**सोनीपत।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि जिले में पनप रही अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को गांव जाटी कलां की राजस्व सीमा में जाटी कलां से सेरसा रोड़ पर लगती लगभग 3.5 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए 13 डीपीसी, बाउंडरी वॉल तथा कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया।डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें।

### बिजली संकट पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र बिजली संकट को लेकर एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखा है। पत्र में बिजली आपूर्ति की खराब स्थिति को लेकर गंभीर व्यक्त करते तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। एसो के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने बताया कि पिछले दो वर्षों से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में लगातार लो वोल्टेज, बार-बार बिजली कटौती और अनियमित आपूर्ति की समस्या बनी हुई है।

### विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी

# इंडियन मॉडर्न स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को किया अलंकृत

**विद्यार्थियों की मेहनत अनुशासन एवं शैक्षणिक उपलब्धियों को सराहते शील्ड और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

इंडियन मॉडर्न स्कूल में 10 वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के उपलक्ष्य में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण ने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शैक्षणिक उपलब्धियों को सराहते हुए उन्हें नोटों की माला व फूलमाला पहनाकर तथा शील्ड एवं प्रमाण-पत्र भेंटकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके अथक परिश्रम, गुरुजनों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह के अंत में उप-प्रधानाचार्या रेणु श्योराण ने उपस्थितजनों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह सफलता हम सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, भविष्य में भी विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर समस्त इंडियन परिवार उपस्थित रहा।



सोनीपत। मेधावी विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य एवं अन्य स्टाफ। फोटो :हरिभूमि



खरखौदा। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते विधायक। फोटो :हरिभूमि

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में आज 10 वीं और 12 वीं कक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खरखौदा के विधायक श्री पवन उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत विधायक पवन खरखौदा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय की अध्यापिका शीतल व अध्यापिका विनिता शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के निदेशक, प्रबंधक, प्रधानाचार्या और प्राथमिक प्रभारी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि और विद्यालय समिति द्वारा विज्ञान संकाय से सोनीपत जिले में नॉन मेडिकल स्ट्रीम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रांजलि, दीपिका और दीपांशी और वाणिज्य संकाय हर्षिका और कला संकाय से हिमांशी, परी और इशिका को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कक्षा दसवीं से अनुराधा, अनुष्का और कृष कुमार को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विधायक पवन खरखौदा ने अपने संबोधन में छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



खरखौदा। नारेबाजी करती आशा वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि

# पीएचसी बदलाव और पेंडिंग भुगतान को लेकर नारेबाजी

- समस्याओं को लेकर आशा वर्कर्स ने सीएमओ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आशा वर्कर यूनियन जिला कमेटी सोनीपत की जिला प्रधान छवि के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से मुलाकात कर पीएचसी-सीएचसी के बदलाव और पेमेंट में आ रही समस्याओं को लेकर गहरी नाराजगी जताई। आशा वर्करों ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा सब सेंटरों को मनमाने ढंग से दूसरी पीएचसी और सीएचसी से जोड़ दिया गया है, जिससे उन्हें फील्ड में काम करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जैसे बहालगढ़ सब सेंटर पहले पीएचसी खेवड़ा से जुड़ा था, जिसकी दूरी मात्र 3 किलोमीटर है। लेकिन अब इसे पीएचसी जाखौली से जोड़ दिया गया है, जिसकी दूरी करीब 10 किलोमीटर है। इससे न केवल आशाओं को परेशानी हो रही है, बल्कि उनके कार्य क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को भी चेकअप के लिए दूर जाना पड़ रहा है, जिससे उनकी सेहत पर असर पड़ रहा है। बैठक के दौरान आशाओं ने यह भी बताया कि कई सब सेंटर ऐसे हैं, जिन्हें उनकी निकटतम पीएचसी से हटाकर दूरस्थ पीएचसी से जोड़ दिया गया है। इससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि साधनों की कमी के चलते मरीजों को भी असुविधा हो रही है। इसके साथ ही आशा वर्करों ने पेमेंट से जुड़ी समस्याओं को भी उठाया। उनका कहना था कि पोर्टल पर बार-बार तकनीकी गड़बड़ियों के कारण उनकी पेमेंट कई महीनों तक अटक जाती है, जिससे उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल का आरोप था कि शुरुआत में सीएमओ ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया, जिसके बाद वे बाहर आ गए। हालांकि बाद में सीएमओ ने दोबारा बुलाया, लेकिन रुख में कोई बदलाव नहीं आया। उन्होंने स्पष्ट कह दिया कि जो बदलाव हो चुके हैं, उन्हें वापस नहीं लिया जाएगा।

# बरोदा हलके की सड़कों के लिए करोड़ों की मंजूरी मिली

- बरोदा विधानसभा के विधायक इंदुराज नरवाल बोले-उन्होंने विधानसभा में उठाई थी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



राज्य सरकार द्वारा बरोदा हलके में सड़कों के लिए 969.54 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। इस राशि से हलका क्षेत्र में जर्जर हो चुकी सडक़ों का सुदृढ़ीकरण और मरम्मत करवाई जाएगी।

बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि क्षेत्र में पिछले लंबे समय से काफी सडक़ें जर्जर हालत में हैं। उनके अनुसार बजट सत्र में उन्होंने सडक़ों की मरम्मत का मुद्दा उठाया था। राज्य सरकार द्वारा अब उनके पास13 सडक़ों की मंजूरी की सूची भेजी गई है। इनकी अनुमानित लागत 969.54 लाख रुपये और कुल लंबाई 23.145 किलोमीटर है। विधायक के अनुसार सूची में बिलबिलान-आंवली व फरमाणा लिंक रोड, मोई हुड्डा से रभड़ा, सिकंदरपुर माजरा, खेड़ी दमकन व ककाना रोड, बुटाना से गंगाना व राणा खेड़ी रोड, गोहाना-जींद रोड से रुखी एनएच 71ए तक, चिड़ाना से शामड़ी व बजाना रोड, भैंसवाल कलां से बीधल, मोई व बजाना से पुगथला रोड, बनवासा से छपरा रोड, ढुराना से भादौटी खास रोड, जवाहरा से भादौटी खास तक, मोई हुड्डा फिरनी, गोहाना-लाखनमाजरा रोड से बरोदा मोर से बरोदा ठुठान तक, महमूदुपर से सैनीपुरा और जवाहरा से कुराना रोड शामिल हैं।

### कृषि विभाग उपलब्ध करवा रहा लेजर लेवलर मशीनः डॉ. पवन शर्मा

सोनीपत। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सोनीपत के उपनिदेशक डा. पवन शर्मा ने जानकारी दी कि विभाग के पास एक लेजर लेवलर मशीन उपलब्ध है, जिसका उपयोग किसान अपने खेतों को समतल बनाने के लिए कर सकते हैं। यह मशीन धान की खेती के आगामी सीजन में किसानों को पानी, बिजली व समय की बचत करने में सहायक सिद्ध होगी। बताया कि मशीन संचालन हेतु ट्रैक्टर के लिए विभाग द्वारा टेंडर अलॉट कर दिया गया है। डा. शर्मा ने बताया कि मशीन का उपयोग करने के इच्छुक किसानों को अपना आधार कार्ड, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा की फोटो प्रति तथा 100 रुपये प्रति घंटा का चालान सहायक कृषि अभियंता कार्यालय, राई में जमा कराना होगा। यदि खेत की दूरी 25 किलोमीटर से अधिक है, तो 3 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से परिवहन शुल्क अतिरिक्त रूप से देय होगा।

# राहुल व तान्या शर्मा की डाटा मैनेजमेंट पद पर हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। नियुक्ति पत्र दिखाते राहुल और तान्या साथ में कॉलेज स्टाफ।

गेटवे कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के दो मेधावी छात्रों राहुल और तान्या शर्मा को एक निजी कंपनी में डाटा मैनेजमेंट पद पर प्लेसमेंट प्राप्त हुआ है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सिंघल ने राहुल और तान्या को बधाई देते हुए कहा, यह सफलता नियमित प्रशिक्षण सत्रों और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि प्लेसमेंट ऑफिसर गीता कुकरेजा की भी अहम भूमिका रही। उन्होंने बताया कि राहुल और तान्या, दोनों ने कंपनी की चयन प्रक्रिया, जिसमें ऑनलाइन टेस्ट, तकनीकी साक्षात्कार और पर्सनल इंटरव्यू शामिल थे, को सफलतापूर्वक पार किया और चयनकर्ताओं को अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास से प्रभावित किया। डॉ. मोहित बंसल, जो कि डायरेक्टर एडमिशन एंड प्लेसमेंट हैं, ने इस सफलता को टीमवर्क, समयबद्ध तैयारी और संस्थान की इंडस्ट्री-फोकस्ड रणनीति का परिणाम बताया।



सोनीपत। क्ले टेनिस कोर्ट पर खेलती प्राचार्या डॉ. किरण दलाल।

### स्कूल में क्ले टेनिस कोर्ट का शुभारम्भ

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में वीरवार को दो क्ले टेनिस कोर्ट का शुभारम्भ किया गया। स्कूल प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने इन दो टेनिस कोर्ट का शुभारम्भ रिबन काटकर किया। इस दौरान उपस्थित सभी बच्चे बेहद उत्साहित थे। स्पोर्ट्स डायरेक्टर नरेंद्र नेगी ने कुछ प्रतिभागियों के बीच में खेल शुरू करवाया। जिसका सभी बच्चो ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन भी किया। अध्यापकों के बीच में एक मैच खेला गया। इस दौरान स्कूल ऐकडेमिक डायरेक्टर सीएम विज, डॉ. गौरव शर्मा भी उपस्थित रहे।

# रेशनलाइजेशन नीति के तहत तबादला प्रक्रिया होगी प्रारंभ

- खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में सभी कलस्टर मुखियाओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिक्षा विभाग की ओर से निर्धारित स्थानांतरण (रेशनलाइजेशन) नीति के तहत राजकीय विद्यालयों में छात्र संख्या के अनुसार जल्द तबादला प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। जिन विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या कम व शिक्षकों की संख्या ज्यादा है, वहां से शिक्षकों को ज्यादा छात्रों की संख्या वाले स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। ये निर्णय शिक्षा विभाग की ओर से रा.विद्यालयों में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से लिया है। विभाग की ओर से छात्रों की शैक्षणिक प्रगति में सुधार लाने व व्यवधान को रोकने के उद्देश्य से शिक्षकों के स्थानांतरण के निर्देश जारी किए हैं। इसी कड़ी में खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान के नेतृत्व में मॉडल टाउन स्थित कार्यालय में खंड के सभी कलस्टर मुखियाओं की बैठक हुई। बैठक में खंड सोनीपत के अंतर्गत आने वाले सभी राजकीय विद्यालयों के विषय व छात्र संख्या अनुसार वैज्ञानिकरण का कार्य पूर्ण कर उच्चाधिकारियों को इसकी रिपोर्ट भेजी गई। खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान ने बताया कि विभाग का उद्देश्य सभी राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या अनुसार विषय संबंधी अध्यापक उपलब्ध करवाना है।

### जनकल्याण के लिए पंचधुनी तपस्या....



**सोनीपत।** बैयांपुर में पंचधुनी तपस्या जारी है। वीरवार को तपस्या के दौरान आसपास से आई महिलाओं और श्रद्धालुओं ने संकीर्तन किया। इस दौरान बाबा विजयनाथ महाराज ने बताया कि पंचधुनी तपस्या जनकल्याण के लिये है। इस मौके पर पूनम हुड्डा, बबीता, सुनील बैरागी आदि मौजूद रहे। फोटो:हरिभूमि

**निरीक्षण** एनसीसी अंबाला ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर ने किया 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी सोनीपत का वार्षिक निरीक्षण

# सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, जवान और परिजनों को असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए: रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एनसीसी अंबाला ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर रोहित सहगल, विशिष्ट सेवा मेडल (वीएसएम), ने वीरवार को 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी, सोनीपत का वार्षिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अनूप रावत द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रुप कमांडर को बटालियन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान ग्रुप कमांडर ने बटालियन के समस्त एनसीसी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और स्कूल-कॉलेजों में एनसीसी प्रशिक्षण की वर्तमान स्थिति पर गहन चर्चा की। उन्होंने पीआई स्टाफ को प्रशिक्षण से जुड़ी आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए। बटालियन ऑफिस एरिया, एनसीसी स्टोर, पीआई स्टाफ मेस एवं कैंटीन का भी निरीक्षण किया गया। कैंटीन निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, जवान और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। ब्रिगेडियर सहगल ने महिला हॉकी टीम की कोच प्रीतम सिवाच से भी मुलाकात की और डीजी एनसीसी महिला हॉकी टीम की गतिविधियों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने आगामी 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2025) के आयोजन की तैयारी को लेकर कैडेट्स से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा कैडेट्स योगाभ्यास कर स्वयं लाभान्वित हों और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें।



सोनीपत। ग्रुप कमांडर का स्वागत करते कैडेट्स एवं अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहित चौहान (प्रशासनिक अधिकारी), मेजर संजय श्योराण (राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान), लेफ्टिनेंट डॉ. विशाल दहिया (हिंदू कॉलेज), लेफ्टिनेंट प्रियंका (जीवीएम गर्ल्स कॉलेज), थर्ड ऑफिसर कमलेश (मॉडल संस्कृति स्कूल), थर्ड ऑफिसर दीपक (ऋषिकुल स्कूल), सूबेदार मेजर सुरेंद्र कुमार, सूबेदार संजय कुमार, हवलदार मंजीत, विकास, टेकराम, हेड क्लर्क भूपेन्द्र सिंह एवं कार्यालय स्टाफ सुधीर, रजत, दीपक सहित समस्त पीआई स्टाफ उपस्थित रहा।

### नई स्ट्रीट लाइट टेंडर में देरी से जनता परेशान

**गन्नौर।** नगरपालिका द्वारा छह माह पूर्व खरीदी गई नई स्ट्रीट लाइटें अब तक वार्डों में नहीं लगाई गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों व वार्ड पार्षदों में रोष है। वार्ड नंबर 15 की पार्षद शिवानी जैन ने एसडीएम प्रवेश कादियान को ज्ञापन सौंपकर मामले की शिकायत की है। बताया कि नई लाइटें व पोल लगाने को लेकर नगरपालिका ने निविदाएं आमंत्रित की थीं, जिसकी अंतिम तिथि 1 मई 2025 थी। लेकिन अभी तक संबंधित टेंडर नहीं खोला गया है।

**सूचना**

मैं, मधु उर्फ सपना पुत्री स्व. श्री रोहताश पुत्र श्री दीपचंद निवासी गांव छपरा तहसील गोहाना, जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरे केवाईसी दस्तावेजों के अनुरूप मेरा नाम सपना है और पंजाब नैशनल बैंक में मेरी एफडी (अर्थात एफडी नं. 983400PU40520) के अनुरूप मेरा नाम मधु है। सपना उर्फ मधु को एक ही व्यक्ति माना जाए।

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरी, मामला दर्ज

**खरखौदा।** स्थानीय निवासी सुनील की ई-रिक्शा 14 मई की रात को घर के सामने से चोरी हो गई। सुनील ने खुद काफी तलाश की, लेकिन रिक्शा नहीं मिली। अब उसने पुलिस से रिक्शा ढूंढने और अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### कमरे के अंदर से फोन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र की आरके कॉलोनी में स्थित कमरे से मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। खड़गपुर मुंगेर बिहार निवासी गौतम ने बताया कि वह रात को अपने कमरे पर सो रहा था। मोबाइल को पास ही रखा था। सुबह उठकर देखा तो मोबाइल फोन गायब मिला। उसने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



### फोन चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने घर से मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सन्नी निवासी ज्ञान नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। भीम नगर निवासी बिजेंद्र ने 20 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह चाय की दुकान चलता है। गत 19 की रात को घर पर खाना खाकर सो गया। रात को उसकी आंख खुली तो उसका मोबाइल फोन गायब मिला। मोबाइल की तलाशी की जिसमें चार्जिंग में लगा हुआ मोबाइल भी गायब मिला। अपने स्तर पर दोनों मोबाइल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। उपनिरीक्षक दिनेश की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से चोरी किया एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की।

# मेयर ने पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र वापस बंग्लादेश भेजने की लगाई गुहार

## सोनीपत में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की बढ़ती संख्या, पहचान और वापसी की मांग

गुरुवार को मेयर जैन ने स्वयं खिजरपुर मकबरे के पीछे रह रहे कुछ लोगों की पहचान के दस्तावेजों की जांच की



सोनीपत। दस्तावेजों की जांच करते हुए मेयर राजीव जैन।

- जांच में पता चला है कि अधिकांश लोगों ने कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से फर्जी आधार और वोटर कार्ड बनवा रखे हैं
- अधिकतर लोग कबाड़ इकट्ठा करने का काम करते हैं और कई बार वारदातों में भी इनकी संलिप्तता देखी गई है
- ये लोग अधिकतर ईंट भट्ठों व शहर की बाहरी कॉलोनियों में अस्थाई रूप से रह रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की बढ़ती संख्या ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। मेयर राजीव जैन ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर पूरे जिले में ऐसे लोगों की पहचान कराने और उन्हें वापस बांग्लादेश भेजने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि ये नागरिक फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में रह रहे हैं और कई बार आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल पाए गए हैं। गुरुवार को मेयर जैन ने स्वयं खिजरपुर मकबरे के पीछे रह रहे कुछ लोगों की पहचान के दस्तावेजों की जांच की, जिसमें उन्होंने पाया कि अधिकांश लोगों ने कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से फर्जी आधार और वोटर कार्ड बनवा रखे हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से अधिकतर लोग कबाड़ इकट्ठा करने का काम करते हैं और कई बार छोटी-मोटी वारदातों में भी इनकी संलिप्तता देखी गई है। वाहन के कागज मांगने पर भी ये लोग कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। मेयर जैन ने कहा कि पिछले चार वर्षों में बनाए गए आधार व वोटर कार्ड की जांच की जाए तो बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों का पर्दाफाश हो सकता है। उन्होंने बताया कि ये लोग अधिकतर ईंट भट्ठों व शहर की बाहरी कॉलोनियों में अस्थाई रूप से रह रहे हैं और धीरे-धीरे स्थाई रूप से बसने की कोशिश में लगे हैं।

### कॉलोनियों की पहचान कर सूची तैयार करें

सोनीपत जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर, उन्हें देश से बाहर भेजने की कार्रवाई की जाए। इसके लिए जिलेभर में सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की जाए। मेयर ने नगर निगम की भवन शाखा के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि जो बांग्लादेशी नागरिक झुग्गियां बनाकर रह रहे हैं, उनकी कॉलोनियों की पहचान कर सूची तैयार की जाए। इसके अलावा, रेहड़ी-खोखे लगाकर सामान बेचने वालों की पहचान का अभियान भी जल्द शुरू किया जाएगा।

# 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाली छात्राओं को किया सम्मानित



राई। बतौर मुख्यातिथि राई की विधायक कृष्णा गहलावत व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर हुआ महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन वीरवार को राई स्थित मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय के बंसीलाल ऑडिटोरियम में महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने भी उपस्थिति दर्ज करवाई। विधायक कृष्णा गहलावत ने महारानी अहिल्याबाई होलकर को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि भारतीय इतिहास कई महान योद्धाओं, शूरवीरों और क्रांतिकारियों की उपलब्धियों की गाथाओं से भरा हुआ है। इन महान योद्धाओं में पुरुषों के साथ-साथ कई महिलाओं के नाम भी शामिल हैं, जो एक कुशल योद्धा के रूप में अपना नाम इतिहास में दर्ज करवा चुकी हैं। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि 300वीं जयंती भव्य तरीके से मनाई जा रही है, जिसका उद्देश्य उन वीरांगनाओं की कहानियों को पुनर्जीवित करना है, जिनका जीवन आज के समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं प्रियांसी कुमारी, प्राची, श्रेया गुप्ता, रानी, सानिया, प्रिया, मीनाक्षी, मुस्कान, अंशु, पल्लवी, रिया, कामना, भावना, जेसमीन, नीशू व निकिता को पुरस्कृत किया। मुख्य वक्ता कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण की प्रतीक हैं। उन्होंने विधवा होने के बावजूद शासन की जिम्मेदारी को मजबूती से निभाया और महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी। इस मौके पर खरखौदा विधायक पवन, भाजपा जिला अध्यक्ष (गोहाना) विजेंदर मालिक मौजूद थे। मंच संचालन सहायक प्रोफेसर अनु ग्रेवाल ने किया। इस दौरान वेदपाल शास्त्री सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, गैर-शिक्षण स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों को सीखने की कठिनाइयों की पहचान और समाधान के लिए किया जागरूक



**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन में आयोजित सत्र के दौरान जानकारी देते डॉ. अतुल गिरधर साथ में उपस्थित स्कूल स्टाफ।

- शिवा शिक्षा सदन में समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने हेतु विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिवा शिक्षा सदन में समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने हेतु एक विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया। जिसमें पैडट्रिशियन (बाल चिकित्सक) डॉ. अतुल गिरधर ने शिक्षकों को सीखने की कठिनाइयों की पहचान व समाधान के लिये जागरूक किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्का विज ने डॉ. गिरधर का अभिनंदन करते हुए उन्हें एक पौधा भेंट किया, जो शिक्षकों के बीच ज्ञान और जागरूकता रूपी बीज के प्रतीक स्वरूप प्रस्तुत किया गया। इस दौरान डॉ. अतुल गिरधर ने डिस्लेक्सिया, डिस्ग्राफिया, एडीएचडी, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, शिक्षक की भूमिका, डिस्कैल्कुलिया, सेंसरी प्रोसेसिंग डिसऑर्डर, ऑडिटरी प्रोसेसिंग डिसऑर्डर, नॉनवर्बल लर्निंग डिसऑर्डर और लैंग्वेज प्रोसेसिंग डिसऑर्डर जैसे विकारों का भी संक्षिप्त उल्लेख किया और उनके लक्षणों व प्राथमिक देखरेख के उपाय बताए।

शिवा शिक्षा सदन निदेशक अरुण बंसल ने डॉ. गिरधर का धन्यवाद करते हुए बताया कि आज के समय में एक शिक्षक को सिर्फ शिक्षा देने से कहीं अधिक सोचना और करना पड़ता है। एक बच्चे को उसके अभिभावक किसी भरोसे पर ही स्कूल में छोड़ते हैं। उस भरोसे पर खरा उतरने के लिये शिक्षकों को समय के साथ अपडेट रहना जरूरी है। इसीलिये यह भी जरूरी है कि बच्चों की छोटी दिखने वाली परेशानी जोकि गंभीर हो सकती है, उसे समझें और उसके निदान के लिये काम करें। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ भी मौजूद रहा।

# स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन में मेहनत कर सपनों को कर सकता है साकार:बड़ौक



- गोहाना बॉक्सिंग क्लब में नि:शुल्क शिविर में सौ खिलाड़ियों का स्वास्थ्य जांचा
- नौ चिकित्सकों की टीम ने सौ खिलाड़ियों का स्वास्थ्य जांचा और दवाइयां दी

**गोहाना।** शिविर में खिलाड़ियों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना बॉक्सिंग क्लब में गुरुवार को स्वर्ण आयुर्वेद द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नौ चिकित्सकों की टीम ने सौ खिलाडि़यों का स्वास्थ्य जांचा और मुफ्त में दवाइयां दी गई।

शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा जिला सोनीपत इकाई के उपाध्यक्ष अरुण बड़ौक रहे। बड़ौक ने कहा कि स्वास्थ्य जीवन की सबसे पहली मांग है। स्वास्थ्य के बिना जीवन में आगे बढ़ना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है।

एक स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन में मेहनत करके अपने व अपनों के सपनों को साकार कर सकता है। यही सबसे अमूल्य धन है। स्वास्थ्य के बिना धन का भी कोई महत्व नहीं है। स्वास्थ्य को पैसे भी नहीं खरीदा जा सकता है। इसलिए हर व्यक्ति के लिए उसका स्वास्थ्य ही प्राथमिकता होनी चाहिए। शिविर की अध्यक्षता बॉक्सिंग कोच विकास मलिक ने की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जगपाल सूबेदार, रणबीर सैनी, सुंदर लाल, अनुज देसवाल, जितेंद्र मलिक और रमेश पूनिया सहित व्यक्ति मौजूद रहे।

### गुमड़ में महिला के नाम पर लिया लोन, मामला दर्ज

**गन्नौर।** गुमड़ की रहने वाली महिला ने पड़ोसियों पर धोखाधड़ी कर उसके नाम पर लोन लेने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता नीलम के अनुसार, पड़ोसी राहुल व सचिन ने पीएफ खाता एक ही जगह पर करने के बहाने उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज लिए थे। बाद में उसे पता चला कि एलएनटी बजाज फाइनेंस से उसकी बाइक पर लोन करवा लिया गया है। शुरुआत में आरोपितों ने किश्तें देने का भरोसा दिया और कुछ किश्तें अदा भी कीं, लेकिन बाद में उन्होंने भुगतान बंद कर दिया। अब फाइनेंस कंपनी लगातार किश्तों के लिए दबाव बना रही है। नीलम ने आरोप लगाया कि जब उसने विरोध किया तो उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकियां दी गईं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# सेना ने कुचल दिया आतंकवाद का फन

**गोहाना।** गुरुवार को भाजपा द्वारा सैनिकों के सम्मान में कथूरा मंडल के गांव छपरा में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगे झंडे लेकर शहर सैनिक अमर रहें और भारत माता के जयकारे लगाए, जिससे गांव की गलियां गूंज उठी। इस यात्रा का नेतृत्व बरोदा हलका से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने किया।



**गोहाना।** तिरंगा यात्रा निकालते हुए भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण।

मुख्यातिथि भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि पाकिस्तान आतंकियों का गढ़ है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकवादियों के घर में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया। हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों के फन को इस कदर कुचला है कि वे दोबारा से भारत की तरफ आंख उठाने की हिमाकत नहीं करेंगे। यात्रा में भलेराम नरवाल, कथूरा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, डॉ. राममेहर राठी, पार्षद तकदीर नरवाल, सरपंच अशोक कुमार, सत्यवान आर्य, अशोक सेन, सतीश उरलाना आदि शामिल रहे।

# रोटरी क्लब ने स्कूल में भेंट किए कंप्यूटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अर्डेंट द्वारा सिक्का कॉलोनी स्थित विजय हाई स्कूल को डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु तीन कंप्यूटर भेंट किए। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राजेश कटारिया ने कहा कि आज के दौर में डिजिटल शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। इन कंप्यूटरों के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा और वे आधुनिक शिक्षा से जुड़ पाएंगे। कार्यक्रम में सुधीर खुराना, अशु नागपाल, शशि बाला, जितेन्द्र चावला, तथा शालिनी चावला विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने स्कूल के शिक्षकों और छात्रों के साथ मिलकर इस पहल को सराहा और भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया।




**सोनीपत।** स्कूल में कंप्यूटर भेंट करते हुए क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

## सेक्टर 7-8 बनाने के लिए अधिसूचना सेक्शन 4 के संबध में आपत्तियों की सुनवाई

# एचसीएच अधिकारी पहुंची, सुनीं किसानों की आपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





गन्नौर में सरकार द्वारा सेक्टर 7-8 बनाने की तैयारियों को लेकर वीरवार को लड़सौली रेस्ट हाऊस में भूमि अर्जन कलैक्टर शहरी सम्पदा विभाग द्वारा अधिसूचना धारा सैक्शन 4 के संबध में आपत्तियों की सुनवाई के लिए रोहतक से एचसीएच अधिकारी श्वेता सुहाग किसानों की सुनवाई के लिए पहुंची।

भूमि अर्जन शहरी सम्पदा विभाग की अधिकारी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने किसानों की आपति दर्ज की और अधिसूचना 4 के विरोध में दायर प्रार्थना पत्र 24 जनवरी 2014 के संदर्भ में पैरवी के लिए सबूत देखे। वहीं आपति दर्ज कराने पहुंचे गांव टेहा, गढ़ी केसरी के पहुंचे किसानों सैक्टर बनाने के लिए जमीन न देने की गुहार लगाई। किसानों का नेतृत्व कर रहे किसान नवीन गढ़ी केसरी ने बताया कि हम किसी भी कीमत में अपनी जमीन नही देना चाहते। किसान छोटे- छोटे जमीन के टूकड़ों से अपना गुजारा कर रहे है। सरकार ने उन्हें रोजगार नही दिया है, अगर उनकी जमीन का अधिग्रहण हो जाता है तो किसान कहा जाएंगे। गढ़ी केसरी के किसान सतपाल ने बताया कि सैक्टर के लिए जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण होना है। सभी किसानों को उनकी सुनवाई के लिए किसानों के पास नोटिस भेजा था। आज सभी किसान अपनी सुनवाई के लिए पहुंचे है। कोई भी किसान सैक्टर के लिए अपनी जमीन नही देना चाहता। इस बारे में रोहतक से पहुंची भूमि अर्जन शहरी सम्पदा विभाग की एचसीएच अधिकारी श्वेता सुहाग ने बताया कि गन्नौर में बनने वाले सैक्टर की जमीन के अधिग्रहण को लेकर आपतियों की सुनवाई की है। इसमें सभी किसानों की सुनवाई होने के बाद जांच करके ही बताया जाएगा कि कितने किसानों की सहमति जताई और कितनों ने आपत्ति।

### गन्नौर में हुडा सेक्टर की तैयारी के लिए प्रक्रिया शुरू

गन्नौर में कोई भी रिहायशी सेक्टर नहीं है। कई बार गन्नौर में हाइवे पर सेक्टर विकसित करने का प्लान अधिकारियों ने तैयार भी किया, लेकिन योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। जबकि गन्नौर के लोगों की लंबे समय से सेक्टर विकसित करने की मांग है। जानकारी अनुसार अब सैक्टर बनाने की तैयारियों को लेकर संबधित विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वहीं गन्नौर में विकसित होने वाले सेक्टरों में 30 मीटर और बड़ी सड़क 65 मीटर तक चौड़ी जीटी रोड से सैक्टर में जाने का विस्तार किया जाएगा।